# उत्तराखण्ड मुक्त विष्वविद्यालय, हल्द्वानी

## महत्वपूर्ण उपलब्धियाँः अप्रैल, 2019

### पाठ्यक्रमों की मान्यता के सम्बन्ध में यूजीसी अध्यक्ष से वार्ता

माननीय कुलपति जी द्वारा दिनांक 03 अप्रैल, 2019 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर डी0 पी0 सिंह से विश्वविद्यालय से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा हेतु बैठक की गई।



*मा0 कुलपति जी तथा प्रो0 मिश्र यूजीसी अध्यक्ष से भेंट करते हुए।*

बैठक में मा0 कुलपति जी के साथ प्रो0 आर0सी0मिश्र, निदेशक तथा डॉ0 गगन सिंह, यूजीसी नोडल ऑफिसर ने भी प्रतिभाग किया।


कुलपति जी द्वारा अध्यक्ष महोदय से विश्वविद्यालय की पाठ्यक्रमों तथा अध्ययन केन्द्रों से सम्बन्धित गतितिधियों एवं विज्ञान में स्नात्कोत्तर विषयों की मान्यता के सम्बन्ध में वार्ता की गई।

### विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति द्वारा विश्वविद्यालय का दो दिवसीय दौरा

मुक्त व दूरस्थ अधिनियम, 2017 के अनुपालन की सुनिश्चितता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति द्वारा विश्वविद्यालय का दो दिवसीय दौरा किया गया। इस समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रताप सिंह चौहान, कुलपति, गोविंद गुरू विश्वविद्यालय, गोधरा, गुजरात, सदस्य प्राफेसर आर0के0एस0 ढाकरे, बी0आर0 अम्बेडकर, विश्वविद्यालय, आगरा व प्रोफेसर एस0बी0 अग्रवाल, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, के अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सयुंक्त सचिव डा0 जितेन्द्र त्रिपाठी समिति के समन्वयक थे। समिति के इस दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली व प्रगति के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जाना व विश्वविद्यालय के अधिकारीयों, शिक्षकों व कर्मचारियों से भी बातचीत की।



कुलपति जी द्वारा यूजीसी सदस्यों का स्वागत









विश्वविद्यालय का निरीक्षण करती यूजीसी की टीम

इसके अतिरिक्त उन्होंने विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों की व्यवस्था जानने के लिए विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र एम. पी. जी. कॉलेज व आम्रपाली संस्थान का भ्रमण भी किया। समिति द्वारा चाहे गए सभी सम्बंधित दस्तावेज भी उन्हें उपलब्ध करवाए गए। समिति द्वारा आश्वाशन दिया गया कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित किये जाने वाले पाठयक्रमों के सम्बन्ध में अवगत कराया जायेगा।

## उपराष्ट्रपतिजी द्वारा डॉ जीतेंद्र पाण्डे, सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर साइंस स्वर्ण पदक से सम्मानित

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ जीतेंद्र पाण्डे को भारत के उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू द्वारा दिनांक ०३ अप्रैल को इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के ३२वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया । उल्लेखनीय है की इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, जोकि मुक्त शिक्षा के क्षेत्र में भारत का नीति निर्माता भी है, हर वर्ष ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन हेतु स्वर्ण पदक दिया जाता है।



*डॉ0 पाण्डे उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू से स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए।*

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की चयन समिति द्वारा डॉ. जीतेंद्र पाण्डेय का चयन वर्ष 2018 के इस स्वर्ण पदक के लिए किया गया। उनको यह पुरस्कार उनके प्रोजेक्ट " Integrated Open and Distance Learning Through ICT for Sustainable Development" हेतु दिया जा रहा है। इस नवाचार के माध्यम से डॉ जीतेंद्र पाण्डे ने प्रदर्शित किया की किस प्रकार ओपन एवं डिस्टेंस लर्निंग के क्षेत्र में सूचना प्रोद्योगिकी का उपयोग करके शिक्षा की

पहुँच को दूर दराज के क्षेत्र में कैसे पहुचाया जा सकता हैं तथा पढने–लिखने की प्रकिया को सरल, रोचक और ज्ञानवर्धक बनाया जा सकता है|

## परीक्षा

वि]विद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टैर परीक्षा माह जून- 2019 हेतु दिनांक 20 अप्रैल, 2019 (अन्तिम तिथि) तक मुख्य परीक्षा हेतु 45363 परीक्षार्थी, बैक परीक्षा हेतु 8620 परीक्षार्थी एवं सुधार परीक्षा हेतु 198 परीक्षार्थियों (कुल 54181 परीक्षार्थी) द्वारा आवेदन किया गया है।

पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा से संबंधित ज्योपतिष (भाग-02) की प्रवेश परीक्षा पुन: दिनांक 04 अप्रैल 2019 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कराई गई जिसमें कुल 03 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षाएं दी गई तथा तद् दिनांक को ही परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

अप्रैल माह में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यगम से आवेदित 150 मूल उपाधियॉ एवं 69 अन्तंरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाणपत्र /सत्यापन वाहक/डाक से प्रेषित की गई ।

## प्रवेश

विश्वविद्यालय में दिनांक 01 जनवरी, 2019 से शीतकालीन सत्र 2019 में सेमेस्टर पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश प्रारंभ किये गये थे। दिनांक 30/4/2019 तक कुल 9909 प्रवेशार्थियों SIS में इन्ट्री हो चुकि है।

सत्र 2019-20 में प्रवेश हेतु विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। इस सत्र में प्रवेश दिनांक 1 जुलाई, 2019 से प्रारंभ किये जायेगें।

## क्षेत्रीय कार्यालयों एवं अध्ययन केन्द्रों का निरीक्षण




*क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तरकाशी में सत्रीय कार्य जमा करते विद्यार्थी*

- दिनांक-15 अप्रैल, 2019 को कुलपति जी द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय एवं अध्ययन केन्द्र, राजकीय महाविद्यालय, उत्तरकाशी का निरीक्षण किया गया। कुलपति जी ने केन्द्र के कार्यो की समीक्षा की। साथ ही प्राध्यापकों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिये।



*क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तरकाशी का निरीक्षण करते मा0 कुलपति*

- दिनांक-16 अप्रैल, 2019 को कुलपति जी ने क्षेत्रीय कार्यालय, बी0एस0एम0 पी0जी0 कॉलेज, रूड़की तथा ऋृषिकेश में अध्ययन केन्द्रों का निरीक्षण किया।






*क्षेत्रीय कार्यालय रूड़की तथा अध्ययन केन्द्र, ऋृषिकेश का निरीक्षण करते मा0 कुलपति*

- दिनांक-18 अप्रैल, 2019 को मा0 कुलपति जी द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, पौड़ी एवं अध्ययन केन्द्र, ऋषिकेश का निरीक्षण किया गया।



*क्षेत्रीय कार्यालय, पौड़ी का निरीक्षण करते मा0 कुलपति*

- दिनांक-26 अप्रैल, 2019 को कुलपति जी ने क्षेत्रीय कार्यालय एवं अध्ययन केन्द्र, राजकीय महाविद्यालय, रानीखेत का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय निदेशक, वाई0 सी सिंह, केन्द्र के समन्वयक डॉ0 जे0एस0 रावत और सह समन्वयक दिनेश चंद्र ने कुलपति को तमाम समस्याओं से अवगत कराया साथ ही केन्द्र में अंग्रेजी पाठ्यक्रम शुरू कराने, अध्ययन सामग्री समय पर उपलब्ध कराने, ऑनलाईन प्रक्रिया में गलती हाने पर तत्काल सुधार प्रक्रिया कराये जानेकी मांग की। कुलपति जी द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।




*क्षेत्रीय कार्यालय, रानीखेत का निरीक्षण करते मा0 कुलपति*

- दिनांक-26 अप्रैल, 2019 को कुलपति जी ने क्षेत्रीय कार्यालय, राजकीय महाविद्यालय, पिथौरागढ़ का निरीक्षण किया।



*क्षेत्रीय कार्यालय, पिथौरागढ़ का निरीक्षण*

## <u>कार्यशालायें एवं प्रयोगात्मक परीक्षायें</u>

योग विभाग द्वारा अप्रेल माह में योग विषय की 10 दिवसीय कार्यशालायें एवं प्रयोगात्मक परीक्षा निम्नानुसार सम्पन्न की गयी –

| क्रम संख्या | संस्थान का नाम | दिनांक | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | कुमांऊ मण्डल विकास निगम, अतिथि गृह, पिथौरागढ़ | 17 अप्रेल 2019 से 26 अप्रैल 2019 तक प्रयोगात्मक परीक्षा 27 अप्रेल 2019 | एम० ए० योग प्रथम वर्ष |
| 2 | कुमाऊ मण्डल विकास निगम, अतिथि गृह , पिथौरागढ़ | 17 अप्रेल 2019 से 26 अप्रैल 2019 तक प्रयोगात्मक परीक्षा 27 अप्रेल 2019 | एम० ए० योग द्वितीय वर्ष |

उपर्युक्त कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री **भरत सिंह रावत जी** द्वारा किया गया। कुलसचिव महोदय ने विद्यार्थियों को आज के परिवेक्ष में योग के महत्व से अवगत कराया।



*कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रतिभाग करते कुलसचिव श्री भरत सिंह व अन्य*

कार्यशाला में 10 दिन तक प्रतिदिन विविध प्रयोगात्मक एवं तकनीकी सत्रों का लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ। प्रयोगात्मनक सत्रों में कार्यक्रम संयोजक डा0 भानु जोशी के दिशा- निर्देश में प्रातःकाल योग प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रतिदिन योगिक षटकर्म, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बन्धों तथा ध्यान का अभ्यास शिक्षार्थियों को कराया गया। सायंकाल प्रयोगात्मरक परीक्षा की दृष्टि से विद्यार्थियों को कठिन आसन भी करायें गये । प्रतिदिन 2 तकनीकी सत्र विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए रखे गये जिसमे योग के विविध सैद्धान्तिक पक्षों की जानकारी अलग- अलग विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की गई। कार्यशाला में आये अभ्यर्थियों के द्वारा स्वयच्छता कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने पूरे शहर में जगह-जगह से गन्दगी इकट्ठा की तथा इसके साथ –साथ सभी लोगों से स्वच्छता अपनाने की अपिल भी की। इसी क्रम में हिमालय बचाओं अभियान ने तहत वृक्षारोपड़ का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यशाला में आये सभी अभ्यर्थियों ने तथा विश्वविद्यालय के योगा शिक्षकों ने व विभागाध्याक्ष डॉ0

भानु जोशी जी ने **‘एक दीया शहीदों के नाम’** कार्यक्रम के तहत **‘अमर जवान शिलालेख’** के समक्ष उन वीर जवानों को याद किया जो देश के लिए कुर्बान हो गये थे। तकनीकी सत्रों में देश के अलग-अलग संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से आये विषय विशेषज्ञों का लाभ प्रतिभागियों को मिला। जिसमें डॉ0 अमृत लाल गुरूर्वेद्र, एसो0 प्रोफेसर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार, ममता पंत योग विभाग राज0 एम0 बी0पी0 जी0 कालेज, हल्द्वानी, डॉ0 नवीन भट्ट विभागाध्यक्ष, योग विभाग अल्मोड़ा कैम्पस, डॉ0 मन्जु बोरा, राजकीय माहाविद्यालय बागेश्वर के अलावा कार्यक्रम संयोजक योग विभाग डॉ0 भानु प्रकाश जोशी ने समय –समय पर अपने पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये ।





*योग कार्यशाला के समापन सत्र में मा0 कुलपति जी द्वारा प्रतिभाग तथा हिमालय बचाओं अभियान के तहत एक वृक्ष भी लगाया गया*

दिनांक 27 अप्रेल को विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति **प्रो0 ओ0पी0 एस0 नेगी** जी अतिथि गृह पिथौरागढ़ में पहुच कर सभी विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आयामों से अवगत कराया तथा समाज के सभी वर्ग को जीवन में हमेशा योग को अपनाने का आग्रह भी किया। समापन सत्र में पहुंचकर कुलपति महोदय ने सभी विद्यार्थियों को प्रयोगात्मतक परीक्षा की भी शुभकामनायें दी

## विज्ञान कार्यशाला

राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय क तत्वावधान में सात दिवसीय विज्ञान प्रयोगात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ कुलपति प्रो0 ओ0पी0एस0 नेगी द्वारा किया गया। कार्यशाला के शुभारंभ में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 पी0डी0 पंत की उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन डॉ0 दयाधर दिक्षित द्वारा किया गया।



सात दिवसीय विज्ञान प्रयोगात्मक कार्यशाला में छात्रों को सात दिनों तक उनके पाठ्यक्रम के अनुरूप टिप्स व व्याख्यान दिये गये तथा आठवे दिन परीक्षा आयोजित की गई।



*कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति जी तथा कार्यशाला में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।*

## पहली महिला पैरा सिंटिग वॉलिबाल में यूओयू में कार्यरत महिला कार्मिक द्वारा मलेशिया में प्रतिभाग




*मलेशिया में यूओयू का बैनर फैहराती कुमारी निर्मला देवी।*

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि महिला कार्मिक कुमारी निर्मला देवी द्वारा भारत की पहली महिला पैरा सिंटिग वॉलीवाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। यह प्रतियोगिता दिनांक 19 से 22 अप्रैल, 2019 तक मलेशिया की राजधानी क्वालालुंपुर में आयोजित हुई।

इस प्रतियोगिता हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा कुमारी निर्मला देवी को स्पोंसर किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति जी द्वारा कुमारी निर्मला को इस उपलब्धि तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी

''भारत में जैव विविधता संरक्षणः मुद्दे, चुनौतियॉ, समाधान एवं दूरस्थ षिक्षा की भूमिका''

दिनांक 27 अप्रैल 2019 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी, हिमालयन अभ्युदय सामाजिक संस्थान, देहरादून एवं उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में एस0जी0आर0आर0 (पीजी) कॉलेज पथरीबाग देहरादून में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय ''भारत में जैव विविधता संरक्षणः मुद्दे, चुनौतियां, समाधान एवं दूरस्थ शिक्षा की भूमिका'' **(Bio-diversity Conservation In India: Issues, Challenges, Solutions & Role of Distance Education)** था। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ0 एन0पी0एस0 बिष्ट, निदेशक, उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (यू–सैक), मुख्य वक्ता श्री सचिदानन्द भारती (जल–पुरुष), नेशनल अवार्डी, विशिष्ट अतिथि डॉ0 पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर – जन्तु विज्ञान विभाग, डी0ए0वी0 (पीजी) कॉलेज, देहरादून एवं अध्यक्षता प्रो0 विनय आनन्द बौडाई, प्राचार्य एस0जी0आर0आर0 (पीजी) कॉलेज देहरादून ने की। राष्ट्रीय संगोष्ठी में लगभग 200 शोधार्थी एवं छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




*मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ*

मुख्य अतिथि के रुप में डॉ0 एन0पी0एस0 बिष्ट ने कहा कि हिमालय के सर्वागीण विकास एवं पर्यावरण संतुलन के लिए अंतरिक्ष आधारित सूचना तकनीकी का महत्वपूर्ण योगदान है, जिसके लिए राज्य में कार्य कर रहे सभी राष्ट्रीय व राजकीय संस्थानों को आपस में अधिक सामंजस्य व साझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र हमारे

प्रदेश के विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों जैसे–जल, जंगल व जमीन का उपग्रहों के माध्यमों से आंकडे तो एकत्रित करता ही है साथ ही खास तौर पर प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में, जहां एक और ऊँची– ऊँची बर्फ से ढकी चोटियां है वही दूसरी ओर सुन्दर मैदानी भू–भाग है तथा इन्हें आपस में जोड़ती गहरी नदी घाटियों के अध्ययन व इन सब के सामेकित विकास में भी बहुत ही कारगर सिद्ध हुई है।

विशिष्ट अतिथि डॉ0 पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर पाये जाने वाले सभी जीव जन्तुओं का मनुष्य के जीवन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष से महत्व है इन्हीं जीवों के आपसी सम्बन्ध की वजह से इकोलोजिकल सन्तुलन बना रहता है। आजकल बढ़ती मानव जनसंख्या, रसायनों का प्रभाव, प्रदूषण एवं भौतिकवादी जीवन से जैवविविधता को संरक्षित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है। जिसमें सरकारों के साथ हम सभी की सहभागिता जरुरी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 विनय आनन्द बौडाई ने वर्तमान युवाओं को जैव–विविधता संरक्षण के लिए आगे आना पड़ेगा तभी जल, जंगल, जमीन एवं जन सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हो पायेगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 भावना डोभाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सह संयोजक नरेन्द्र जगूड़ी ने कार्यक्रम का संचालन किया। हिमालयन अभ्युदय सामाजिक संस्थान, के अध्यक्ष राकेश डोभाल, डॉ0 संदीप नेगी, डॉ0 एच0वी0 पंत, डॉ0 अंकिता बोरा, बृजमोहन सिंह खाती, संदीप रावत, कु0 सांक्षी शंकर, हरीश जोशी, चेतबहादुर थापा, अंजली सेमवाल, रश्मि बहुगुणा विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

## अप्रैल माह में हैलो हल्द्वानी से प्रसारित कार्यक्रम

अप्रैल माह में हैलो हल्द्वानी से कई सारे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, राज्य अग्निशमन व आपात सेवा विभाग के साथ मिलकर नैनीताल जिले में आग की घटनाओं व उसे रोकने के उपायों पर कार्यक्रम निर्माण किए गए। इसके अलावा समय समय पर बच्चों के लिए कहानियां व कविताओं का पाठ किया गया। विश्व मलेरिया दिवस पर पड़ताल करते हुए एक रेडियो रिपोर्ट का निर्माण किया गया। शहर के दो सरकारी स्कूलों जीजीआईसी व नारायणनगर इंटर कालेज में जाकर रेडियो क्लब का निर्माण किया गया। हरगोंविद सुयाल इंटर कालेज में बच्चों के साथ एक कार्यक्रम का निर्माण किया गया। इसके अलावा मुस्लिम समुदाय के साथ मिलकर कार्यक्रमों का निर्माण किया गया। कुछ कार्यक्रमों का संक्षिप्त परिचय निम्न है।

- कार्यक्रम- मिसाल-बेमिसाल, अतिथि- मनोज कंडियाल, वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- पहाड़ में शिक्षा की स्थिति और उनके खुद के प्रयास
- कार्यक्रम- घुमक्कड़ों की दुनिया- अतिथि- गरिमा सिहं व मनोज कंडियाल, वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- उत्तराखंड मे घूमने के ट्रेक और उसकी तैयारियां
- कार्यक्रम हैल्दी हल्द्वानी, अतिथि-डा. परमजीत सिंह, वार्ताकार- सुनीता भास्कर,. वार्ता का विषय- विश्व मलेरिया दिवस पर बातचीत

  सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज व रीसर्च सेंटर के एसोसिएट प्रोफेसर डा, परमजीत सिंह से मलेरिया पर विस्तार से बातचीत की गई. उन्होंने बरसात से पहले मलेरिया को लेकर किए जाने वाले एहतियातों पर बात की और बताया कि बहुत सी योजनाएं मलेरिया को खत्म करने

को लेकर चल रही हैं जिनका सही कार्यान्वयन हो तो मलेरिया को खत्म करना बहुत आसान है।

- कार्यक्रम- चर्चा में, अतिथि- कुंडल चौहान, वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- पत्रकारों की दशा व मजेठिया बोर्ड
- कार्यक्रम- शिक्षा का पहिया, अतिथि- कुलिन जोशी (प्रोफेसर परफार्मिंग आर्ट), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- गढ़वाल विवि में परफार्मिंग आर्ट
- कार्य़क्रम- शिक्षा का पहिया, अतिथि- रवि जोशी (फैकल्टी मुनस्यारी डिग्री कालेज), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- पहाड़ में उच्च शिक्षा की स्थिति
- कार्यक्रम बच्चों की दुनिया, अतिथि- ह्द्यांशी जोशी, वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- बच्चों की हॉबी
- कार्यक्रम- बात पहाड़ की- अथिथि- बद्री दत्त पांडेय (बनबसा), वार्ताकार-सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- बनबसा क्षेत्र के बारे में।
- कार्यक्रम- स्टूडेट कार्नर, अतिथि- सुमित जोशी(इंजीनियरिंग स्टूडेंट), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- इंजीनियरिंग के छात्र कैसे करें गेट की तैयारी।
- कार्यक्रम- चर्चा में, अतिथि- डा. प्रकाश लखेड़ा (एसि, प्रोफसर), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- लोक सभा चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट की भूमिका

- कार्यक्रम- चर्चा में, अतिथि- संजीवा कुमार (सीएफओ), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- आग पर काबू पाने की तैयारियां व चुनौतियां



संजीवा कुमार जिला अग्निशमन अधिकारी नैनीताल हैं। उनसे अग्नशमन विभाग व उसकी जिम्मेदारियों पर विस्तार से बात हुई। उन्होंने बताया कि पूरे देश भर में सात राज्यों में अग्निशमन विभाग पुलिस विभाग के अन्तर्गत चल रहा है जबकि बाकि राज्यों में यह एक स्वंतत्र विभाग है। उन्होंने आग बुझाने में आई नयी तकनीकों की जानकारी भी दी।

- कार्यक्रम- स्टूडेंट कार्नर, अतिथि- दीपक जोशी(स्टूडेंट), वार्ताकार- सुनीता भास्कर, वार्ता का विषय- इंटर के बाद कहां कहां भर सकते हैं फार्म

## शोध एवं अकादमिक गतिविधियॉ

- कुलपति जी द्वारा दिनांक 3 अप्रैल, 2019 को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के EMPC (Electronic Media and Production Center) का भ्रमण किया गया जिसमें उनके द्वारा विभिन्न जानकारीयॉ प्राप्त की गई। जिन्हें भविष्य में विश्वविद्यालय में ई0एम0पी0सी0 को स्थापित किये जाने हेतु किया जायेगा।

- 

- डॉ0 नन्दन कुमार तिवारी, सहायक प्राध्यापक, ज्योतिष द्वारा लिखित ''ज्योतिष शास्त्र में व्याधि निरूपण'' शीर्षक शोध आलेख International Journal of Jyotish Research वेदचक्षु में प्रकाशित हुआ है, जिसका ISSN No 2456 - 4427.

- डॉ. जीतेंद्र पाण्डे द्वारा लालबहादुर शास्त्री नेशनल अकादमी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी में दिनांक 05 अप्रैल , 2019 को अकादमी हेतु साइबर सिक्यूरिटी इमरजेंसी रेस्पोंसे प्लान के विकसन हेतु आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया गया|

- डॉ. गगन सिंह, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य द्वारा श्याम लाल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी ***"Make in India: Towards Growth & Progress" on April 24 - 25, 2019***", के तकनीकी सत्र में सह-अध्यक्ष के रूप में प्रतिभाग किया गया |

- नैनीताल स्थित उत्तराखंड अकादमी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन में दिनांक 19/04/2019 को कंप्यूटर विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत डॉ. जीतेंद्र पाण्डे द्वारा साइबर सिक्यूरिटी विषय पर व्याख्यान दिया गया|

- डॉ0 दीपांकुर जोशी, विधि विभाग द्वारा कैरियर पॅइन्ट विश्वविद्यालय हमीरपुर, हिमांचल प्रदेश में दिनांक 27 अप्रैल, 2019 को

- “Understanding Environment and Biodiversity: Law, Governance, Development and Societal perspective” में “Sustainable development and the Indian legal system” विषय पर पेपर प्रस्तुत किया।

**(विश्वविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित मीडिया कवरेज संलग्न है- क)**

..................................